**बिहार सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**
**आवश्यक सूचना**

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर बिहार योजना सेवा के अंतर्गत **"सहायक योजना पदाधिकारी/सहायक निदेशक"** के पद पर अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के क्रम में उनकी बायोमेट्रिक्स/आयरिस की जाँच दिनांक 30.07.2026 (बृहस्पतिवार) को कमरा संख्या–190, कमांड एवं कन्ट्रोल रूम, डी0आर0सी0सी0 (पालना घर के सामने), योजना एवं विकास विभाग, पुराना सचिवालय, बिहार, पटना में किया जाना है।

अतः सभी अनुशंसित अभ्यर्थी **दिनांक 30.07.2026 (बृहस्पतिवार) को 9.30 बजे पूर्वाह्न** में बायोमेट्रिक्स/आयरिस की जांच हेतु निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

श्री चंदन कुमार (अनुक्रमांक–434140) शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जांच/सत्यापन कार्यक्रम में दिनांक–27.07.2026 को अनुपस्थित रहें है। अतः श्री कुमार उक्त तिथि को योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय), पटना में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जांच/सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे।

2. ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा अनुसूची–I में अंकित प्रमाण पत्र/कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया है, दिनांक–**30.07.2026 (बृहस्पतिवार) के 03.00 बजे अपराह्न तक** अनिवार्य रूप से विभाग में जमा कर दें ताकि नियुक्ति पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई किया जा सके।

ह0/–
**(ददन प्रसाद खरवार)**
सरकार के उप सचिव
योजना एवं विकास विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक : यो0स्था04/1–11/2026-4023/यो0वि0, पटना, दिनांक 29 जुलाई,2026
प्रतिलिपि : आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Prasad
29/07/2026
सरकार के उप सचिव

# अनुसूची–I

| क्र0सं0 | प्रमाण पत्र |
|---|---|
| 1 | मैट्रिक उत्तीर्णता प्रमाण पत्र |
| 2 | शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र<br>(i) मैट्रिक<br>(ii) इण्टरमीडिएट<br>(iii) स्नातक<br>(iv) अन्य उच्चतर |
| 3 | अभ्यार्थी यदि पूर्व से नियोजित हों तो नियोक्ता (Employer) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) (मूल में) |
| 4 | सक्षम प्राधिकार से निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति |
| 5 | सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित कोटि के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए) (छायाप्रति) |
| 6 | बिहार सरकार की नौकरियों के निमित सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत क्रिमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (पिछड़ा/अत्यंत पिछड़ा वर्ग हेतु) (छायाप्रति) |
| 7 | सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र (छायाप्रति) |
| 8 | सिविल सर्जन द्वारा निर्गत स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण पत्र |
| 9 | अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत विहित प्रपत्र में शपथ पत्र (मूल में) |
| 10 | तिलक/दहेज नहीं लेने एवं देने संबंधी शपथ पत्र (विहित प्रपत्र में) |
| 11 | पासपोर्ट साईज का पाँच फोटो (रंगीन) संलग्न है |
| 12 | आयोग द्वारा जारी किया गया परीक्षा प्रवेश पत्र (Admit Card) की छायाप्रति संलग्न है |
| 13 | आधार कार्ड की प्रति संलग्न है ? |